# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 अप्रैल 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में आम चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज मेरठ–हापुड़ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरूण गोविल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे। बाद में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक रोड़ शो निकाला। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर आज छः प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी सहित तीन निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित दो दर्जन से अधिक वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली, बदायूं और पीलीभीत मे प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने प्रबुद्ध समाज से अपील की वे जनता में ऐसा संदेश दे कि सभी लोग तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए आगे आये। अनुराग सिंह ठाकुर, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, महेन्दनाथ पाण्डेय सहित दो दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने प्रदेश के अलग अलग जिलों में अपनी पार्टी के पक्ष मे चुनाव प्रचार से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज कन्नौज में भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है और जांच एजेंसियों से दबाव बनाया जा रहा है अखिलेश यादव कन्नौज में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थें।

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अनेक कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

**********

लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने से जुड़े अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं विभिन्न जनपदों से हमारे संवाददाता ने जानकारी दी है कि इन कार्यक्रमों में निर्वाचन से जुडे अधिकारी और आम मतदाता बड़ी संख्या मे हिस्सा ले रहे हैं। अमरोहा में जहां एक तरफ परिवहन विभाग द्वारा मेरा वोट मेरा अधिकार के स्टीकर वाहनों पर लगाकर लोगों से मतदान करने की अपील की गयी वहीं मस्जिदों में भी श्रद्धालुओं के बीच जाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संभल जिले में मेगा मतदाता जागरूकता दौड का आयोजन किया गया। हरदोई में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों अभिभावकों और शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता रैली में हिस्सा लिया बच्चों ने अपने माता पिता को मतदान का संकल्प दिलाया। बुलंदशहर में मतदाता जागरूकता गीत बजाते हुए बढ़चढ़ कर मतदान करने का अभियान चलाया जा रहा है। मथुरा में जहां मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर और स्लोगन अभियान चला वहीं कौशाम्बी में गैस सिलेंडरों पर पहले मतदान करें फिर भोजन बनाये यह संदेश लिख कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हमीरपुर में बाइक रैली आयोजित हुई तो वहीं जौनपुर रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

गोरखपुर में मतदाता जागरूकता का एक अनूठा अभियान शुरू किया गया है गोरखपुर जनपद के विधानसभा क्षेत्र खजनी, बांसगांव और चिल्लूपार में पुरूषों का वोटिंग प्रतिशत जनपद के औसत मतदान से काफी कम रहता है जिसकी प्रमुख वजह पुरूषों का रोजगार के चलते बाहर रहना है ऐसे मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदान हेतू राखी अभियान चलाया जाएगा और उन मतदाताओं के फोन पर सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान हेतू राखी प्रपत्र भेजा जाएगा।

**********

निर्वाचन आयोग द्वारा सभी जिलों में निर्वाचन डयूटी से जुडे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया का लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है हरदोई में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन हेतु स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने के बाद सी–विजील ऐप पर प्राप्त शिकायतों को सौ मिनट के अंदर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये। वहीं पीलीभीत जिले में भी मतदान कर्मियों को इवीएम मशीन और वीवीपैट से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। उन्नाव में चुनाव डयूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की पूरी प्रक्रियो वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समझायी गयी। मऊ जिलें में पुलिस ने लोगों मे विश्वास कायम करने के लिए फ्लैग मार्च किया।

**********

चित्रकूट में झांसी मिर्जापुर हाइवे पर सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये। दुर्घटना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अमानपुर गांव में हुई जहां चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन से यात्रियों से भरी एक ऑटो भरतकूप की ओर से आ रहे डंप्पर की चपेट में आ गयी। ऑटो सवार तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि चार ने इलाज के दौरान दंम तोड दिया।

वहीं दुसरी तरफ शामली जिले में एक ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार एक व्यक्ति और उसकी गर्भवती पत्नी की मौत हो गयी।

**********